## एक नजर में



### विभा वर्मा का सीनियर नेशनल रग्बी में चयन

**बुधनी.** नगर के ओरिएंटल स्कूल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभा वर्मा का चयन सीनियर महिला राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए हुआ है. यह प्रतियोगिता बिहार के राजगीर में आयोजित होने जा रही है, जिसमें विभा राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी. विभा वर्मा ने इससे पहले भोपाल स्थित एलएनसीटी कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया था. इस उपलब्धि के पीछे रग्बी एसोसिएशन के सचिव सत्येन्द्र सिंह सिवाच का योगदान रहा है. वहीं, स्कूल के निदेशक नील कमल सरकार भी खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान कर रहे हैं. विभा वर्मा के चयन पर सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय, पूर्व सत्र न्यायाधीश धर्मपाल सिंह सिवाच, निदेशक नील कमल सरकार, प्राचार्या नीलिमा सरकार, कोच विशाल यादव आदि ने बधाई दी है.



### नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा में हुआ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन

**सीहोर.** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित किया गया. इस अवसर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया. कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की दीदियों, लाड़ली बहनों और सभी महिलाओं को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई. जिले में 10 से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जा रहा है. पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, नारी शक्ति पदयात्रा, विशेष ग्राम सभाएं, संगोष्ठी, व्याख्यान आदि गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं.



### विद्यार्थियों को दी नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी

**सीहोर.** नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर दिल्ली में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई. पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. विद्यार्थियों को दहेज जैसी कुप्रथाओं की रोकथाम में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया.




### टीईटी स्थगन की मांग को लेकर शिक्षकों ने निकाली रैली

**भैरूंदा.** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को स्थगित करने और सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग को लेकर 'शिक्षक संयुक्त मोर्चा' ने विरोध प्रदर्शन किया रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा. ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के करीब डेढ़ लाख शिक्षक इस आदेश से प्रभावित होंगे .कई शिक्षक 20-22 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, ऐसे में दोबारा परीक्षा लेना तर्कसंगत नहीं है. रैली में हेमलता परिहार, अनिता पाटील, चंद्रप्रभा व्यास, जयश्री शर्मा, राजकुमारी मीना, प्रज्ञा पांडे, उमा सोनी, सरला महेश्वरी, सुमन राजपूत, सीमा, शीतल चौहान, कल्पना पुरोहित, रक्षा शर्मा, जयंती पंवार और गीता कीर,देवराज सिंह यादव, प्रहलाद सिंह पवार, नंदकिशोर यादव, प्रमोद रावल, लखन यादव, जगदीश प्रसाद, रामभरोस, आनंद कुमार, रामविलास पवार, मनीष शर्मा, मोबीरसिंह यादव, धनपाल सिंह दंगोलिया, अखिलेश तिवारी, गुलाब सिंह कुशवाहा, पंकज व्यास, सतीश तिवारी, सुरेश चंद पवार, और साजन वर्मा सहित पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की.



### लोकतंत्र सेनानी वशिष्ठ के निधन पर जताया शोक

**आष्टा.** नगर के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मीसा बंदी,लोकतंत्र सेनानी श्री लीलाधर वशिष्ठ के निधन का समाचार मिलते ही विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, शासन के प्रतिनिधि तहसीलदार आरएल पगारे उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए एवं गार्ड ऑफ ऑनर दे कर तिरंगा ध्वज ओढ़ाया गया. बूथ समिति के अध्यक्ष सुरेश परमार,सुशील संचेती, मनोहर भोजवानी, अनिल धनगर,कल्लु मुकाती,सौरभ शीतल ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. श्मशान घाट पर वशिष्ठ के पुत्र सुनील,सतीश, संतोष वशिष्ट को 10 हजार की सम्मान निधि विधायक ने सौंपी. मोक्षधाम पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

# सेटेलाइट सर्वे की गड़बड़ी से अटकी गेहूं खरीदी

## लगभग 10 हजार किसान स्लॉट बुक करने से वंचित, उपज नहीं बिकी तो कैसे अदा कर सकेंगे कर्ज



**सीहोर.** विधानसभा क्षेत्र के शासकीय उपार्जन केन्द्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने विधायक सुदेश राय पहुंचे.

> ▶ पोर्टल पर गेहूं की जगह चना व मसूर फसल हो रही दर्ज
>
> ▶ पोर्टल पुन: सत्यापन के बार-बार दे रहा निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 अप्रैल. जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन करा चुके किसानों के सामने अब नई परेशानी खड़ी हो गई है. सेटेलाइट सर्वे में तकनीकी गड़बड़ी के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की जगह चना, मसूर या अन्य फसलें दर्ज हो रही हैं. इसके चलते जिले भर के करीब 10 हजार किसान स्लॉट बुकिंग नहीं करा पा रहे हैं. पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से तहसील, कृषि कार्यालय, सहकारी समितियों और ऑनलाइन पोर्टल के चक्कर काटने को मजबूर हैं.**

जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय स्तर पर ही लगभग दो हजार किसान इस समस्या से प्रभावित हैं, जबकि पूरे जिले में यह संख्या करीब 10 हजार बताई जा रही है. किसानों ने पहले ही समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन करा लिया था, लेकिन जब स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया शुरू हुई तो पोर्टल पर उनकी फसल का विवरण बदलकर दूसरी फसलों के रूप में दिखाई देने लगा. इस तकनीकी त्रुटि के कारण आगे की प्रक्रिया बाधित हो रही है. किसानों ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि जब सेटेलाइट के माध्यम से नरवाई जलाने जैसी घटनाओं का सटीक पता लगाया जा सकता है, तो फिर खड़ी गेहूं की फसल को चना या अन्य फसल के रूप में कैसे दर्ज किया जा रहा है. अब्दुल्लापुर के किसान मुकेश परमार, अमरोद के सुनील मेवाड़ा, अवंतिपुर के रमेश मेवाड़ा, आमाझिर के संतोष कुमार और उलझावन के मोहन सिंह सहित कई किसानों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर फसल का सत्यापन भी कराया था, इसके बावजूद पोर्टल पर गलत जानकारी प्रदर्शित हो रही है.

स्थिति को और जटिल बनाते हुए पोर्टल बार-बार पुन: सत्यापन कराने का निर्देश दे रहा है. किसानों का कहना है कि कई बार सत्यापन के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है. वहीं कुछ स्थानों पर किसानों को यह कहकर वापस भेजा जा रहा है कि फिलहाल छोटे किसानों के स्लॉट बुक किए जा रहे हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि तकनीकी गड़बड़ी के कारण सभी वर्ग के किसान प्रभावित हो रहे हैं.

जिले के सीहोर, आष्टा, इछावर, बुधनी, भैरुंदा, रेहटी और श्यामपुर क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान शिकायत कर रहे हैं. किसानों का कहना है कि खरीदी पहले ही देरी से शुरू हुई है और अब स्लॉट बुकिंग की समस्या ने उनकी चिंता और बढ़ा दी है. गेहूं को लंबे समय तक घरों और खेतों में रखने से उसके खराब होने का खतरा बना हुआ है, वहीं समय पर उपज नहीं बेच पाने के कारण सहकारी समितियों और बैंकों का कर्ज चुकाना मुश्किल हो रहा है.

किसानों ने यह भी बताया कि खरीदी में देरी का सीधा असर उनकी आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है. यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो उन्हें एक वर्ष का अतिरिक्त ब्याज देना पड़ सकता है. जिले में 20 हजार से अधिक किसानों के डिफॉल्टर होने की आशंका जताई जा रही है, जिससे उनकी भविष्य में ऋण और खाद-बीज लेने की पात्रता प्रभावित हो सकती है. अन्नदाताओं ने प्रशासन से मांग की है कि सेटेलाइट सर्वे में हुई त्रुटियों को तत्काल सुधारा जाए और जिन किसानों ने गेहूं का पंजीयन कराया है, उनके स्लॉट जल्द से जल्द बुक किए जाएं. किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे.

### व्यवस्थाओं का जायजा लेने उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचे राय

**दोराहा.** किसानों की उपज सही तौल सही दाम पर बिकने और निश्चित समय पर पैसा मिलने सहित उपार्जन केंद्रों पर किसानों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विधायक सुदेश राय सक्रिय बने हुए हैं. विधायक राय सोमवार को दोराहा स्थित हरे कृष्णा उपार्जन केंद्र वेयर हाउस पर पहुंचे और सीधे गेहूं बेचने आए किसानों से उपार्जन केंद्र पर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली. विधायक राय ने किसानों से पूछा कि तौल में कोई दिक्कत तो नहीं है. पीने का पानी और बैठने के लिए छाया है नहीं. उन्होंने उपार्जन केंद्र प्रभारी से प्रतीक्षा कक्ष, केंटीन,पेयजल,फार्ट एंड बॉक्स की जानकारी हासिल की.

### सुधार प्रक्रिया सतत जारी है

सेटेलाइट सर्वे में गड़बड़ी की शिकायतें सामने आई हैं. किसानों की शिकायत के आधार पर पटवारी की रिपोर्ट लेकर तहसीलदार स्तर पर सुधार की प्रक्रिया जारी है. किसान पूरी तरह आश्वस्त रहें. सभी के स्लॉट बुक किए जाएंगे और किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी सुनिश्चित की जाएगी.

**अशोक उपाध्याय,**
उप संचालक, कृषि

### कांटा पूजन के साथ उपार्जन कार्य शुरू



**डोबी.** शासन के निर्देशानुसार ग्राम डोबी, सतरामहू, सरदारनगर सहित आसपास की बहुउद्देशीय एवं कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा वर्ष 2026 का उपार्जन कार्य पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ प्रारंभ कर दिया गया है. क्षेत्र की सहकारी समितियों ने समर्थन मूल्य पर अनाज खरीदी का कार्य सुचारू रूप से शुरू कर दिया है. शासन के निर्देशानुसार ग्राम सतरामहू के आदर्श वेयरहाउस एवं ग्राम डोबी के लक्ष्मी वेयरहाउस सहित आसपास के वेयरहाउसों में तुलाई कार्य भी प्रारंभ हो चुका है. खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है. ग्राम डोबी के प्रबंधक राजकुमार मीणा, ग्राम खोआ के प्रबंधक राजू चौहान एवं लाल सिंह चौहान ने सतरामहू के आदर्श वेयरहाउस पर कांटा पूजन कर खरीदी कार्य का शुभारंभ किया. वहीं डोबी के लक्ष्मी वेयरहाउस पर प्रबंधक रघुराज चौहान, सेठ लालता प्रसाद चौहान, चौकीदार मंझले मेहरा, कैलाश मेहरा, पटवारी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कांटा पूजन के साथ ही खरीदी कार्य विधिवत शुरू किया गया. शासन के निर्देश पर क्षेत्र के सभी उपार्जन केन्द्रों पर उपज लेकर आने वाले किसानों की सुविधा के लिए पानी और छांव का इंतजाम किया गया है.

## सीएम के रोड शो में जेबकतरों की रही चांदी

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 13 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आष्टा प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में चूक नजर आई. एक तरफ पुलिस का अमला सीएम के सुरक्षा घेरे को चाक-चौबंद करने में जुटा था तो दूसरी तरफ जेबकतरों और लुटेरों ने अपना काम बखूबी अंजाम दिया.बदमाशों ने कई लोगों की जेबों पर हाथ साफ कर दिया.

मुख्यमंत्री के स्वागत में उमड़े जनसैलाब के बीच अपराधी इतने बेखौफ थे कि उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में वारदातों को अंजाम दिया. कई नागरिकों को भनक तक नहीं लगी कि कब उनकी जेब कट गई. अब तक करीब चार से अधिक लोग पुलिस के पास चोरी की लिखित शिकायत लेकर पहुंच चुके हैं. पास के कस्बे कोठरी से भी एक बड़ी वारदात सामने आई। यहां जैन मुनि संस्कार सागर महाराज के प्रवास के दौरान जब महिलाएं आहार की रस्म के लिए जा रही थीं, तभी एक बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे ने कैलाश जैन चित्रलोक की पत्नी के गले से दो तोले की सोने की चेन झपट ली. अचानक हुए इस हमले से महिलाएं सहम गईं, लेकिन फिर भी हिम्मत दिखाते हुए लुटेरे का पीछा किया. हालांकि संकरी गलियों से बदमाश भाग निकला. मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है.

## धोखाधड़ी का फरार आरोपी ट्रक सहित गिरफ्तार

> ▶ ट्रक खरीदने के बाद बिना पैसे दिए हो गया था फरार
>
> ▶ चार साल से फरार आरोपी राजस्थान से पकड़ाया

**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 13 अप्रैल.** पार्वती थाना पुलिस ने चार साल से लंबित धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के मामले में सफलता हासिल कर आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक बरामद किया है.

जानकारी के अनुसार सितंबर 22 में फरियादी से ट्रक खरीदने के बाद आरोपी तय रकम का भुगतान किए बिना वाहन लेकर फरार हो गया था. आरोपी ने ट्रक पर दूसरी नंबर प्लेट लगाकर राजस्थान में उसका उपयोग व्यापार के लिए करना शुरू कर दिया. मामले में थाना पार्वती में प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया. आरोपी की तलाश में थाना प्रभारी हरिसिंह परमार के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई. टीम में सहायक उप निरीक्षक हीरेश सोनी, प्रधान आरक्षक दिनेश सिसोदिया एवं आरक्षक नितिन वर्मा शामिल थे.

मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने राजस्थान के थाना सदर पाली क्षेत्र से आरोपी को गिरफ्तार कर ट्रक बरामद किया. आरोपी ने



अपराध स्वीकार कर लिया.

आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया, जिसके बाद ट्रक जब्त कर लिया गया. इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक हीरेश सोनी, प्रधान आरक्षक दिनेश सिसोदिया, नितिन वर्मा के साथ सायबर शाखा के प्रधान आरक्षक सुशील साल्वे एवं शैलेंद्र सिंह की भूमिका रही.

## पूर्व पार्षद पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

> ▶ पार्वती थाने में पीड़ित महिला ने दर्ज कराई शिकायत
>
> ▶ धोखे से बुलाया और होटल ले जाकर की छेड़छाड़



**नवभारत न्यूज**

**आष्टा 13 अप्रैल.** नगर में एक पूर्व पार्षद के खिलाफ छेड़छाड़ का गंभीर मामला दर्ज होने से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वृंदावन कॉलोनी निवासी महिला ने पार्वती थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी बाबू लाल पिता नन्नूलाल मालवीय, जो नगरगंज क्षेत्र के निवासी एवं पूर्व पार्षद हैं, ने परिचित होने का फायदा उठाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया. महिला ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने उसे घूमने के बहाने बुलाया और बायपास स्थित एक होटल में ले गया. वहां उसने उसके साथ छेड़छाड़ की कोशिश की. जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाया. घटना से आहत महिला ने घर पहुंचकर अपने पति को पूरी जानकारी दी, जिसके बाद दोनों पार्वती थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई.

पुलिस ने महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण कायम कर लिया है. घटना के बाद से आरोपी फरार बताया जा रहा है और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है. थाना प्रभारी हरिसिंह परमार ने बताया मामले की गंभीरता को देखजांच शुरू कर दी गई है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

### आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर.** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 1 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी. सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ही निर्धारित किया गया है.

## श्रीराम महायज्ञ में शामिल होंगे 84 जोड़े

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 अप्रैल.** आगामी 19 अप्रैल से न्यू बस स्टैंड स्थित श्री हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त क्षेत्रवासियों के तत्वाधान में होने वाले भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरणों में चल रहा है.

इसके अलावा यहां पर सप्त दिवसीय श्रीराम कथा एवं मानस सम्मेलन, महाकाल मंडल रामलीला आदि के लिए भी भव्य पंडाल लगाए जा रहे है. भंडारे के लिए क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने गेहूं, दाल, घी, तेल, शक्कर, चावल सहित अन्य सामग्री समिति को दान स्वरूप भेंट की। इसके साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा नगद राशि भी दान स्वरूप प्रदान की जा रही है. सोमवार को यज्ञ संचालक श्रीश्री 1008 पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे, मंदिर समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर, संस्कार मनोज दीक्षित मामा ने जारी निर्माण कार्य का जायजा लिया.

यज्ञ संचालक संत श्री कटारे बाबा ने बताया कि आगामी 19 अप्रैल से होने वाले सात दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन समिति अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर और क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया गया है. धार्मिक आयोजन 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया है.

**टीएल बैठक** ▶ समय सीमा बैठक में कलेक्टर बालागुरू के ने अधिकारियों को दिए दिशा- निर्देश

# उपार्जन केन्द्रों पर करें सुचारू व्यवस्था, ई टोकन से बंटेगी खाद

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 13 अप्रैल.** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की विस्तृत समीक्षा की गई. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनता को समय पर राहत पहुंचाना है और लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी.

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिलेभर में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए. ग्राम स्तर पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित कर लोगों को अंबेडकर जी के जीवन, विचारों एवं संविधान निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराने को कहा गया. साथ ही नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए.

उपार्जन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों पर गेहूं खरीदी सुचारू रूप से संचालित हो और किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो. स्लॉट बुकिंग के




अनुसार तय तिथि पर ही खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. अधिकारियों को केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने को कहा गया. बैठक में जानकारी दी गई कि 13 अप्रैल तक 737 किसानों से 3283.05 मीट्रिक टन गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, जबकि 122 टन चना और 96 टन मसूर का उपार्जन हुआ है.

गर्मी को ध्यान में रखते हुए गौशालाओं में पर्याप्त चारा और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो. इसके साथ ही नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया. लंबित जलकर की वसूली किस्तों में करने और नलजल योजनाओं को सुचारू रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए गए. जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इसे गति देने और जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना आवश्यक है और निर्मित जल संरचनाओं का विधिवत रिकॉर्ड भी रखा जाए.

### छात्रवृत्ति योजना के लिए मांगे आवेदन

**सीहोर.** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं. विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यर्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी. आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है. अभ्यार्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना के नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा. अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर अथवा कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है.